## सार-समाचार

### रीको औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया



**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। जिला करौली उद्योग एन्ड वाणिज्यिक विभाग के महाप्रबंधक कमलेश कुमार मीणा ने आज बुधवार को रीको औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया।रीको उद्योग मंडल के मीडिया प्रभारी एम इक़बाल बबलू ने जानकारी देते हुये बताया है कि जिला करौली उद्योग एन्ड वाणिज्यिक विभाग के महाप्रबंधक कमलेश कुमार मीणा ने आज बुधवार को रीको औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया।मीणा ने हिण्डौन में सेण्ड स्टोन आधारित इकाईयों के निरीक्षण दौरान अवगत कराया कि एक जिला एक उत्पाद में जिले से सेण्ड स्टोन का चयन किया गया है। उद्योग विभाग द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यम प्रोत्साहन योजना लागू की गयी है। राज्य में युवा उद्यिमता को बढ़ावा देने के लिए शिक्षित बेरोजगार युवाओं को नवीन उद्यम स्थापित करने के लिए 01 करोड़ तक का ऋण मिल सकेगा। इस स्कीम के लिये प्रार्थी को राजस्थान का मूल निवासी होने के अलावा, कम से कम स्नातक हो, आयु 18 से 35 वर्ष के अन्दर हो ,बैंक या वित्तीय संस्थान से डिफाल्टर नहीं हो ।इसमें 25लाख तक के ऋण पर 8 प्रतिशत, 25 लाख से 01 करोड़ की ऋण राशि पर 06 प्रतिशत ब्याज अनुदान देय होगा। इसके साथ ही महिला उद्यिमयों को 15 पुरुष आवेदकों को 10 मार्जिन मनी अनुदान अधिकतम 05 लाख की सीमा तक मिल सकेगा। आवेदन करने के लिए उद्योग केन्द्र से आवेदन पत्र प्राप्त कर प्रोजेक्ट रिपोर्ट,जनआधार कार्ड,मूल निवास प्रमाण-पत्र,शैक्षिणक योग्यता प्रमाण-पत्र ,नवीनतम फोटोग्राफ के साथ उद्योग विभाग करौली में जमा करा सकते हैं।इसके साथ ही सेण्ड स्टोन आधारित ईकाईयों को निर्यात प्रोत्साहन के लिए आवश्यक दस्तावेज इम्पोर्ट एक्सपोर्ट कोड जारी करावें व स्टोन कार्विंग कार्य करने वाले आर्टीजन कार्ड, उद्योग विभाग के माध्यम से बनवा सकते हैं। इस अवसर पर रीको क्षेत्रीय प्रबंधक महेश चन्द मीना, रीको उद्योग मंडल हिंडौन के महामंत्री विनोद कुमार

### नवनिर्वाचित अध्यक्ष का किया स्वागत

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। ब्राह्मण समाज की ओर से बुधवार को नवनिर्वाचित चौबीसा क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश चंद शर्मा जटवाड़ा वाले और अट्ठाइसा छेत्र के अध्यक्ष राम गोपाल शर्मा का अभिनंदन समारोह झरेड़ा रोड पंडित चौके पैराडाइज एंड रिसोर्ट पर किया गया । जिसमें ब्राह्मण समाज के सभी वयोवृद्ध युवाओं और ब्राह्मण समाज हिंडौन सिटी के पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया।इस कार्यक्रम में दोनों अध्यक्षों का साफा बंधवा कर एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया इस कार्यक्रम में वासुदेव शर्मा अध्यक्ष, मंजीत मुद्गल महामंत्री, सुरेंद्र तिवारी कोषाध्यक्ष, हरिशंकर पटवारी, राधेश्याम, शीतल शुक्ला, राधेश्याम बड़े वाले, भगवान सहाय चेयरमैन, जेपी शर्मा , रामअवतार शर्मा, सुरेंद्र कुमार पांडे, श्रीनिवास, रमेश पाराशर, घनश्याम उदया, राहुल सैंडल, सतीश शर्मा, शांतिप्रिय भारद्वाज, महेश शर्मा, विजय शर्मा, पुष्पेंद्र पाठक, कैलाश बाजना, धर्मेंद्र शर्मा आदि सैकडों ब्राह्मण बंधुओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के उत्थान सामाजिक एकता और समाज के मजबूत संगठन बनाने पर भी चर्चा की गई। साथ ही समाज के युवाओं को नई दिशा देने पर भी विचार विमर्श किया गया तथा ब्राह्मण समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर भी चर्चा की गई।

### शत्रु बैंसला जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। इंडियन नेशनल कांग्रेस बिग्रेड के प्रदेश महासचिव और करौली जिला प्रभारी भूपेन्द्र खटाना अधैत के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष दर्शन फागना ने रुग्घापुरा निवासी शत्रु बैंसला को अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए करौली जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया और संगठन हित के निर्देश दिए।भूपेन्द्र खटाना अधैत ने बताया कि शत्रु गुर्जर पिछले कई वर्षों से कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करते आ रहे है।इस मौके पर शत्रु गुर्जर ने कहा कि वे कडी मेहनत के साथ पार्टी की मजबूती के लिए प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे अधिक से अधिक लोगों तक संगठन की विचारधारा को पहुचायेंगे। जिला उपाध्यक्ष शत्रु गुर्जर की नियुक्ति पर पूर्व विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, प्रदेश महासचिव भूपेन्द्र खटाना, जिलाध्यक्ष दर्शन फागना सहित जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुनील बैंसला सुन्दरपुरा, प्रशांत गौत्तम, मनका सारस्वत, पुष्पेन्द्र मीना, नंदकिशोर, रामवीर, यशवर्धन चौधरी, रवि शर्मा, मोनू, लाला चौधरी, सूखा माली, पवन प्रजापत, तरुण गौड़, नीरज सेन, उदय अधैत, अशोक मेहर गोरडा सहित क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया और खटाना का आभार जताया ।

### भाजपा नेता के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**करौली**, (निसं)। करौली में मुस्लिम समाज के लोगों ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन पेश कर भाजपा नेता और आरटीआई कार्यकर्ता अशोक पाठक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। मानव अधिकार और बाल विकास विंग के बैनर तले करौली शहर के मुस्लिम समाज के लोगों ने जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता को ज्ञापन पेश कर बताया कि भाजपा नेता अशोक पाठक द्वारा अपना एक यूट्यूब चैनल अपने नाम से बना रखा है जिसमें यह व्यक्ति हमेशा उस चैनल पर इस्लाम के खिलाफ,मौलवियों के खिलाफ,मोहम्मद साहब के खिलाफ एवं कुरान के खिलाफ बुरे बुरे शब्द बोलता है आज से 5 दिन पूर्व फेसबुक पर मुसलमानों एवं इस्लाम के खिलाफ जमकर जहर उगला है मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा कर नफरत फैलाने का काम कर रहा है उन्होंने बताया कि करौली की अमन,शांति,चैन को खराब करना चाहता है यह व्यक्ति हिण्डौन में पूर्व में भी कई बार सांप्रदायिक दंगे करा चुका है वहां की पुलिस ने इसे हिस्ट्रीशीटर घोषित कर रखा है वर्तमान में इसके खिलाफ नई मंडी थाना हिण्डौन सिटी में दंगा भड़काने का मुकदमा दर्ज है जिसकी जांच टोडाभीम थाना अधिकारी द्वारा की जा रही है मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि पूर्व में अशोक पाठक द्वारा हिण्डौन सिटी गोपाल दास जी के मंदिर में मांस फेंका गया था जिसमें अशोक पाठक को हिण्डौन पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

# जिला स्तरीय निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक आयोजित

**भरतपुर**, (निसं)। जिला कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र के अन्तर्गत गठित जिला स्तरीय समिति एवं जिला स्तरीय निर्यात समिति की बैठक बुधवार को मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर लोकबंधु ने औद्योगिक इकाईयों को विद्युत कनेक्शन के लंबित प्रकरण एवं औद्योगिक इकाईयों को स्थापना, संचालन सम्मति के लंबित प्रकरणों के जल्द निपटारे हेतु चर्चा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये।



**विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र के अन्तर्गत गठित जिला स्तरीय समिति एवं जिला स्तरीय निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक कलेक्टर लोकबन्धु ( दाएं से चौथे ) की अध्यक्षता में आयोजित हुई।**

उन्होंने लेबल क्रॉसिंग नम्बर 38 पर आरओबी निर्माण की प्रगति के संबंध में सम्बन्धित अधिकारियों को कार्य की नियमित मॉनिटरिंग कर समयबद्ध कार्य पूर्ण करने को कहा साथ ही राज्य सरकार द्वारा 23 करोड की स्वीकृति भूमि अवाप्ति एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग समयबद्ध पूर्ण करने के संबंध में आदेश प्रदान किये।जिला कलक्टर ने पुराना औद्योगिक क्षेत्र भरतपुर को बृज औद्योगिक क्षेत्र भरतपुर से जोडने के लिए वैकल्पिक सडक मार्ग के निर्माण के संबंध में सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को उद्योग संगठन के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर कार्य को गति देने को कहा। साथ ही रीको औद्योगिक क्षेत्र बयाना में स्टोन इकाईयों से निकलने वाली स्लरी के निस्तारण के लिए उपयुक्त भूमि को चिन्हित कर डम्पिंग यार्ड के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत कर कार्यवाही करने को कहा।जिला कलक्टर लोकबंधु बृज औद्योगिक क्षेत्र पहुंच मार्ग पर स्थित जल संसाधन विभाग की गिर्राज कैनाल एवं सिटी फ्लड कंट्रोल ड्रेन की पुलियों की मरम्मत पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को मौका मुआयना करने को कहा एवं नगर निगम आयुक्त को इसके संबंध में स्टीमेशन कराने के संबंध में निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि क्षेत्र में ऐसी पुलियां जो गिर सकती हैं, जर्जर अवस्था में हैं जिनसे जन हानि होने की सम्भावना है उन्हें चिन्हित कर समय पर मरम्मत कराने की कार्यवाही की दिशा में कार्य करने के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने जिले में रीको औद्योगिक क्षेत्र में सीएनजी, पीएनजी ईधन की आपूर्ति के संबंध में सम्बन्धित अधिकारियों को सम्बन्धित संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर समयबद्ध कार्य करने के लिए कहा। उद्योग संगठन के प्रतिनिधियों ने जिला कलक्टर के समक्ष मथुरा से मालगोदाम के मध्य रास्ते की मरम्मत एवं मालगोदाम पर टीनशेड एवं पेयजल व्यवस्था का विषय रखा जिस पर जिला कलक्टर ने सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये।

# मंत्री यादव ने जल संरक्षण कार्यों का किया अवलोकन

**मासलपुर/करौली**, (निसं)। गृह राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने बुधवार को मासलपुर क्षेत्र का दौरा कर तरुण भारत संघ के सहयोग तथा ग्रामीणों के अंशदान से कराए गए जल संरक्षण कार्यो का अवलोकन किया एवं ग्रामीणों से रूबरू होकर जल संरक्षण कार्यो के बाद उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी ली।



**मासलपुर में मंत्री राजेन्द्र सिंह ( बीच में ) ने जल संरक्षण कार्यों का अवलोकन किया।**

इस दौरान मंत्री ने महाराजपुरा गांव के धानी तालाब,भूरखेडा बांध,केसपुरा गांव समीप शेरनी नदी तथा कोलीपुरा गांव में एक तालाब का अवलोकन किया जहां मैग्सेसे अवार्ड प्राप्त जल पुरुष राजेंद्र सिंह ने उन्हें जल संरक्षण निर्माण कार्यो की विस्तृत जानकारी दी ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि जल संरक्षण के कार्यों से उनके हालातों में बहुत सुधार हुआ है पूर्व में उन्हें सिंचाई व पेयजल के लिए तरसना पड़ता था यहां तक की विकराल परिस्थितियां आ जाने से उन्हें रोजगार के लिए पलायन भी करना पड़ जाता था मगर 5 वर्ष मे मिली तरुण भारत संघ की चेतना व सहयोग से जल संरक्षण कार्यो से अब एक नया जीवन महसूस कर रहे हैं तथा कृषि कार्य,पशु पालने से उन्हें भरपूर रोजगार मिलने लगा है इस दौरान मंत्री ने ग्रामीणों तथा तरुण भारत संघ द्वारा कराए गए जल संरक्षण कार्यों की सराहना की।

### गौठों की रौनक लौटी

**करौली,** (निसं)। करौली शहर के फूटाकोट स्थित जेपी मार्केट की पहली गौठे रणगमा तलाब पर आयोजित हुई।रणगमा ताल पर बहुत वर्षो के बाद गौठो का दौर शुरू हुआ है जेपी मार्केट के अध्यक्ष दिनेश सर्राफ ने बताया कि रणगमां ताल के तिवारे पर लोहे का जाल लगने से हलवाईयो को खाना बनाने में बंदरों से होने वाली परेशानी नहीं हुई।

इस दौरान उन्होंने बताया कि व्यापारियों ने दाल,बाटी,चूरमा का लुफ्त उठाया सभी व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद करके दिनभर ताल पर मनोरंजन किया साथ ही 5 फलदार पौधों का पौधारोपण भी किया उनकी सार संभाल की जिम्मेदारी भी ली आयोजित गोठ में अध्यक्ष दिनेश सर्राफ के अलावा जेपी मार्केट के अमित आचार्य, रामदास गुप्ता करनपुर वाले, अनिल जिंदल, आसिफ, नदीम,शुभम, दीपक, विष्णु ताले वाले, टिंकल, बिट्टू, बंटी, केशव लवानिया, देवेंद्र, उमेश, मनोज, इमरान आदि व्यापारी उपस्थित थे।

### कार्यकारिणी का किया गठन

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर धौलपुर के बृज विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त निजी महाविद्यालय संघ की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से संघ की कार्यकारिणी का गठन कृष्ण कुमार अठावाल की अध्यक्षता में किया गया। तथा बृज यूनिवर्सिटी द्वारा नियम विरूद्ध बढाई गई सम्बद्धता शुल्क एवं छात्रों की फीस वृद्धि के लिए आयोजित बैठक का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का चुनाव हुआ, जिसमें संरक्षक अनिल श्रीवास्तव, एस एन लवानियां, आर एन तिवारी व कृष्ण कुमार बनाये गये। अध्यक्ष जगदीश चतुर्वेदी पिचूना, उपाध्यक्ष योगेन्द्र खण्डेलवाल, परमवीर फौजदार, आलोक शर्मा, बलवीर सोनी, महेश शर्मा, संजय शर्मा, सचिव नीतेश चौधरी, कोषाध्यक्ष अरूण गुप्ता, संयुक्त सचिव राकेश चौधरी, रजत आर्य, सन्तोष सिंह, सुरेन्द्र सिनसिनवार, हरिओम सिंह, महिला प्रतिनिधि अंजू गोयल व ज्योति सिंह को कार्यकारिणी सदस्य बनाया है।

# भाजयुमो जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली

**गंगापुर सिटी,** (कासं)। भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष अंकित गार्ड के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं द्वारा 18 जुलाई को अजमेर में आरपीएससी का घेराव किया जाएगा। इसको लेकर भाजयुमो के जिलाध्यक्ष नागेश राज लोढी की अध्यक्षता में बुधवार को गंगापुर सिटी की नसियां कॉलोनी स्थित प्राइवेट स्कूल में जिला पदाधिकारियों की बैठक हुई।

- **भाजयुमो 18 जुलाई को करेगी आरपीएससी कार्यालय का घेराव**



**भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली।**

जिलाध्यक्ष नागेश राज लोढी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आरपीएससी जैसी विश्वस्त संस्था की साख को इस सरकार ने बट्टा लगाने का काम किया और इस संस्था में भ्रष्टाचारियों को नियुक्त कर युवाओं और राजस्थान के भविष्य के साथ खिलवाड किया है। युवाओं ने इसका जबाव देने का मन बना लिया है।

जिला महामंत्री अजय कुमार मीना ने बताया कि बैठक में आरपीएसएसी में हुई धांधली और युवाओं के साथ हुए छल पर सरकार की घोर निंदा करते हुए कार्यकर्ताओं ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में युवाओं को अजमेर ले जाने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष नागेश राज लोढी के नेतृत्व में सवाई माधोपुर जिले से सैकडों की संख्या में कार्यकर्ता 18 तारीख को अजमेर के लिए रवाना होंगे। प्रत्येक मंडल अध्यक्ष को अपने-अपने मंडल से ज्यादा से ज्यादा संख्या में युवाओं को लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता इस युवा विरोधी सरकार के खिलाफ युवाओं को साथ लेकर 18 तारीख को बडी संख्या में अजमेर के लिए कूच करेंगे।

## सार-समाचार

### ज्ञापन का विरोध

**करौली,** (निसं)। गत दिन जाटव समाज के लोगों एवं भाजपा नेता अशोक पाठक के नेतृत्व में मंदिर तोड़ने के लिए ज्ञापन का अंबेडकर पार्क समिति ने विरोध जताया है। ज्ञात रहे कि गत दिन भाजपा नेता आरटीआई कार्यकर्ता अशोक पाठक के नेतृत्व में जाटव समाज के पूर्व अध्यक्ष सहित कई लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेशकर जाटव समाज के शिव मंदिर को भू-माफियाओं द्वारा तोड़ने को लेकर विरोध जताते हुए ज्ञापन सौंपकर पुनः मंदिर निर्माण की मांग की थी लेकिन अब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह समिति अंबेडकर पार्क करौली ज्ञापन के विरोध में उतर आई है समिति के अध्यक्ष उदय सिंह जाटव ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि गत 10 जुलाई को अंबेडकर पार्क समिति करौली अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष एवं समाज के वरिष्ठ लोगों द्वारा जो ज्ञापन दिया गया जिसमें अन्य किसी समाज के राजनीतिक लोगों ने ज्ञापन को गलत तरीके से तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया था इस संदर्भ में अंबेडकर पार्क समिति का एवं किसी भी पदाधिकारी का कोई संबंध नहीं है समिति उक्त ज्ञापन का पूरी तरह से खंडन करती है एवं भर्त्सना करती है जाटव समाज के प्राचीन शिव मंदिर के संदर्भ में समाज स्वयं फैसले के अनुसार निर्णय लिया जाएगा।

### जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**भरतपुर** (निस)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महाराजसर के मतदान केन्द्र पर, आगामी विधानसभा चुनाव- 2023 हेतु निर्वाचन विभाग की ओर से संचालित स्वीप कार्यक्रम को सुचारू रूप से सफल बनाने एवं क्षेत्र में जागरूकता लाने के लिए, ईवीएम व वीवीपीएटी मशीनों से मतदान करने का जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया। जिसमें स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों एवं ग्राम महाराजसर के मतदाताओं को ईवीएम व वीवीपीएटी मशीनों के द्वारा मत डालने की जानकारी दी गई। स्थानीय विद्यालय के उप प्रधानाचार्य बाबूलाल शर्मा ने बताया कि निर्वाचन विभाग द्वारा मतदाताओं को ईवीएम व वीवीपीएटी मशीनों के द्वारा मतदान करने के प्रति, मतदाताओं में जागरूकता कैसे पैदा करें ? इस विषय को लेकर जानकारी देने हेतु प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाता जागरूकता रथ चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सिटीजन कॉर्नर शामिल है जहां कोई भी नागरिक मतदान के किसी भी पहलू पर प्रश्न पूछ सकता है या सुझाव दे सकता है। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थी, ग्राम महाराजसर के मतदाताओं ने बारी बारी से मतदान करने की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में स्वीप प्रभारी नेत्रपाल सिंह, पर्यवेक्षक रवि यादव, बूथ लेवल अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह चौधरी सहित निर्वाचन विभाग के कर्मचारी, स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थी एवं क्षेत्र के मतदाताओं ने भाग लिया।

### देव दर्शन पदयात्रा की देखी व्यवस्थायें

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान सरकार द्वारा भरतपुर जिला मुख्यालय पर 13 जुलाई को प्रातः 6.30 बजे से देव दर्शन पद यात्रा निकाली जायेगी। जिसका उद्देश्य मंदिर संस्कृति एवं उसके व स्थापत्य एवं ऐतिहासिक महत्व से आमजन को रूबरू कराना है। यह यात्रा सिरकी वाले हनुमान मंदिर से प्रारम्भ होकर विभिन्न धर्मस्थल होती हुई बिहारी जी मंदिर पर सम्पन्न होगी। यात्रा के आयोजन के संबंध में बुधवार को आयुक्त देवस्थान विभाग प्रज्ञा केवलरमानी, अतिरिक्त आयुक्त देवस्थान विभाग ओपी जैन, अतिरिक्त जिला कलक्टर रतन कुमार एवं अन्य अधिकारियों द्वारा सिरकी वाले हनुमान मंदिर से बिहारी जी मंदिर तक पैदल यात्रा कर आयोजन की तैयारियों की संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री देवस्थान विभाग शकुन्तला रावत एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुभाष गर्ग, राजस्थान सरकार भी उपस्थित रहेंगे।

### मतदाता जागरूकता दिवस मनाया

**करौली**, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य नत्थू सिंह ने बताया कि बुधवार को राजकीय महाविद्यालय करौली मे मतदाता साक्षरता क्लब के द्वारा मतदाता जागरूकता दिवस मनाया गया। उन्होने बताया कि लोकतंत्र मे मतदाताओं का जागरूक होना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होने उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर मतदाता सूची मे नाम वोटर एप या बीएलओ के माध्यम से अवश्य जुडवाये। उन्होने बताया कि महाविद्यालय मे ऑनलाईन आवेदन कर मतदाता सूची मे अपना नाम जुडवाया जा सकता है।इस दौरान डॉ विश्राम लाल बैरवा, डॉ. लीना शर्मा, रविन्द्र मीना, डॉ. ओमप्रकाश मीना, महेन्द्र सिंह मीना, गुंजन गर्ग, रमेशी मीना, विश्राम लाल मीना, बृजेश मीना,प्रियंका मीना व डॉ. पप्पूराम कोली उपस्थित रहे। इसके अलवा वीणा मैमोरियल कॉलेज मे भी मतदाता जागरूकता दिवस मनाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

### सीएम के ओ.एस.डी. का स्वागत

**करौली,** (निसं)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा का करौली सर्किट हाउस मे पहुंचने पर बाल कल्याण समिति,जिला कांग्रेस कमेटी,ब्राह्मण समाज करौली के द्वारा माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के ओएसडी लोकेश शर्मा सर्किट हाउस पहुंचे वहां पर सीडब्ल्यूसी चेयर पर्सन अनिल शर्मा,सदस्य फजले अहमद एवं दिलीप मीणा,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव भूपेंद्र भारद्वाज द्वारा साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य महेंद्र सूरौठिया,राजेंद्र सारस्वत पूर्व पार्षद,पीसीसी के पूर्व सचिव सुशील शर्मा, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मदन मोहन पचौरी,कांग्रेस करौली के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष फारुख अहमद,माधव हरदेनिया,घनश्याम लोधा,बृजेश व्यास , हनी दत्ता हिण्डौन सिटी,राजकुमार शर्मा,राजकुमार शर्मा आदि कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।

### प्रमाण पत्र वितरित किये

**भरतपुर** (निस)। स्वास्थ्य मंदिर रणजीत नगर पर महिला सेवा इकाई द्वारा आयोजित किए गए 20 दिवसीय निशुल्क ब्यूटीपार्लर प्रशिक्षण शिविर की छात्राओं को मुख्य अतिथि जन सेवक यश अग्रवाल, डॉक्टर जगदीश प्रसाद गर्ग, विशिष्ट अतिथि हेमलता सिंह, प्रभा गुप्ता, प्रेम भाटिया के मुख्य आतिथ्य में प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जनसेवक यश अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं का आत्मनिर्भर होना देश व परिवार के लिए जरूरी है इस प्रकार के छोटे-छोटे स्किल कोर्स महिलाओं के लिए बहुत जरूरी है ताकि वह घर रहकर अपने को आजीविका का साधन बना सकें महिलाओं की आत्मनिर्भरता परिवार व देश को मजबूत बनाती है। डॉक्टर जगदीश प्रसाद गर्ग ने बताया कि मेरी बेटी भी ब्यूटी पार्लर कोर्स सीख कर खुद का आज अमेरिका में अपना बहुत बड़ा ब्यूटी पार्लर चला रही है।

# कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शिवराज मीणा का निकाला जूलूस

**हिण्डौन/सूरौठ**, (निसं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सहमति से जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल के द्वारा जिला अध्यक्षों की गई घोषणा में करौली जिला अध्यक्ष शिवराज मीणा को नियुक्त किए जाने के पश्चात पहली बार अपने ज़िले में आने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनकी अगुवानी की।



**कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शिवराज मीणा का निकाला जुलूस निकाला।**

करौली जिले सहित सूरौठ क्षेत्र के हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता सहित सभी प्रबुद्ध जन ग्राम महूं इब्राहिम पुर के पास करौली दौसा बॉर्डर पर पहुंचे जिस पर उनके पहुंचते ही कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए आतिशबाजी की माला व साफा पहनाकरस्वागत सम्मान किया गया। महूं चौकी के पास कांग्रेस के वरिष्ठ व जिला परिषद सदस्य भूपेंद्र सिंह सोलंकी के निज निवास पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शिवराज मीणा का स्वागत सम्मान किया गया साथी ही पूर्व प्रधान मीणा ने क्यारदा बालाजी मंदिर पर भगवान के चरणों में ढोंक लगाते हुए ज़िले में सुख शांति की कामना कि व वहां के पंच पटेलों ने भी मीणा का स्वागत सम्मान किया साथ ही मुकेश मीणा भुकरावली की ओर से 31 किलो की फूलों की माला पहनाई गई जिलाध्यक्ष का काफिला आगे आगे बढ़ते हुए हिंडौन सिटी विधायक भरोसी लाल जाटव के निज निवास पर पहुंचा तो वहां पर प्रधान विनोद कुमार जाटव व पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश मामूं सहित सभी लोगों ने जिला अध्यक्ष मीणा का भव्य स्वागत सम्मान किया गया पत्थर वालों कि धर्मशाला के पास पूर्व चेयरमैन भगवान सहाय शर्मा भैंरों सिंह मीणा के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया हिंडौन सिटी में पंचायत समिति के पास बृजकिशोर शर्मा सहित दर्जनों लोगों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत किया ढिंढोरा बस स्टैंड पर विष्णु चौधरी अध्यापक के द्वारा साथ ही पंचायत समिति सदस्य राधाकृष्ण जाटव के द्वारा स्वागत किया।धंधावली टोल प्लाजा पर पूर्व सरपंच प्रतिनिधि दलवीर चौधरी बबली चौधरी के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। धंधावली आईटीआई केंद्र पर रिंकल सोनी हीरो एजेंसी पर राजित अमर सिंह के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया आईएएस सतीश मीणा के पिता संपत कटकरिया निवास पर दर्जनों कार्यकर्ता सहित कस्बे वासियों ने जोरदार तरीके से स्वागत सम्मान किया गया गंगापुर भरतपुर मेंगा हाईवे पर डीजे के साथ देवी माता के मंदिर तक जोरदार तरीके से पैदल भव्य जुलूस निकाला गया इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश डांगुर लक्ष्मण सैकटरी विष्णु चौधरी ढिंढोरा गंगाप्रसाद बंडा सुभाष मीना अशोक मीना आदि मौजूद रहे।

# ईआरसीपी की मांग को लेकर बैठक आयोजित

**बयाना,** (निसं)। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की माँग को लेकर समीपवर्ती ग्राम बंगसपुरा में आसपास के अनेक गांवों के प्रमुख पंच-पटेलों की बैठक हुई। जिसमें सभी ने सिचाई पेयजल की परेशानी पर गहरी चिन्ता प्रकट करते हुऐं ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिये जन-आन्दोलन करने का फैसला लिया।

बैठक की अध्यक्षता गुर्जर आरक्षण आन्दोलन संघर्ष समिति के नेता भूरा भगत ने की। किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष इन्दल सिंह जाट और संयोजक जिला पार्षद मोहना गुर्जर ने बैठक को सम्बोधित करते हुऐ कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार इआरसीपी को अटका कर 13 जिलो की हिन्दू बाहुल्य जनता के साथ अन्याय कर रही है। किसान नेता इन्दल सिहं ने कहा कि हिन्दू हित की बात करने बाली भाजपा बताये कि ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं करने से कौनसा हिन्दू हित हो रहा है। राज्य के इन 13 जिलो में तो 90: से अधिक आवादी हिन्दूओ की है जिनका नुकसान हो रहा है। उन्होने कहा कि किसानों को सिंचाई का पानी तो 50 प्रतिशत जल निर्भरता वाले मौजूदा प्रोजेक्ट से ही मिलेगा 75: पर सिंचाई के लिये नहीं केवल पीने के लिये ही मिल सकता है। जवकि जनता को सिंचाई और पीने का पानी दोनों की जरूरत है। उन्होने कहा कि हर वर्ष हजारों क्यूविक मीटर पानी चम्बल से बेकार समुद्र में बहकर चला जाता है जिसे इस योजना के तहत गम्भीर, वाणगंगा नदी और रुपारेल जैसी सूखी पड़ी नदियों में लाना चाहिये। जबकि जिला पार्षद मोहना गुर्जर ने कहा कि ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने के लिये संघर्ष जारी है और सभी 13 जिलों में जन जागरण अभियान को और तेज किया जायेगा। उन्होने कहा कि भाजपा के लोगो को भी इसमे सहयोग कर अपने दल के नेताओ पर दबाब बनाना चाहिये। उन्होने कहा कि पानी जैसे सवाल पर गुमराह करने बाली घिनौनी राजनीति नहीं होनी चाहिये। भूरा भगत ने कहा कि पूर्वी राजस्थान के सभी 13 जिलो में बडा जन आन्दोलन करने की जरूरत है क्योकि बगैर पानी के किसान और खेत दोनो बर्बाद हो रहे है। उन्हेने कहा कि सभी दल किसानोका नुकसान कर रहे है। सभी सरकारें और पार्टिया किसानों की केवल बात करती है भला नहीं करती। उन्होने कहा कि संघर्ष समिति बनाकर बयाना मे भी ईआरसीपी तथा पानी के लिये बडा आन्दोलन किया जायेगे। बैठक में देवी सिंह बुद्धवार ने कहा कि सभी किसानों को पानी की मांग को लेकर संगठित होकर अपने हक के लिये संघर्ष करना चाहिये। उन्होने किसान नेता इन्दल सिंह जाट और मोहन सिंह गुर्जर के संघर्ष की सराहना करते हुऐ स्वागत किया तथा पंच पटेलों की और से आन्दोलन में बढ चढकर सहयोग देने का भरोसा दिलाया। अन्य सभी किसान नेताओं ने महीने के अंत में वयाना क्षेत्र में इआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिये आन्दोलन करने एवं एक बडी किसान महापंचायत करने की बात कहीं।